News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-216
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नज़र आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार, 11 नवम्बर 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

मांगा गया जवाब; वेतन पर भी रोक

छठ पूजा के दौरान ड्यूटी से गायब 50 पुलिसकर्मियों पर एक्शन

जहानाबाद। छठ पूजा के दौरान ड्यूटी से गायब रहना पुलिसकर्मियों को महंगा पड़ा। एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने जिले में विभिन्न जगहों पर तैनात करीब 50 पुलिसकर्मियों से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनके वेतन पर रोक लगा दी है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

ड्यूटी से सभी गायब पुलिसकर्मियों को पुलिस केंद्र जहानाबाद में स्पष्टीकरण के जवाब के साथ योगदान देने का निर्देश दिया गया है। ड्यूटी से गायब रहने वालों में पुलिस अवर निरीक्षक से लेकर सिपाही तक शामिल हैं।

परस विगहा थाने में पदस्थापित महिला पुलिस अवर निरीक्षक ब्यूटी कुमारी, सहायक अवर निरीक्षक समेत चार पुलिसकर्मी छठ पूजा के दौरान ड्यूटी से गायब थे।

इन पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई

उमता धरनई थाने के सहायक अवर निरीक्षक सिद्धनाथ कुमार समेत छह पुलिसकर्मी, हुलासगंज थाने के दो सहायक अवर निरीक्षक संजय कुमार व प्रभाग कुमारी समेत तीन पुलिस कर्मी, कल्पा थाना के सैफ बल समेत दो पुलिस कर्मी, भेलावर ओपी के दो पुलिस अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह, ओमप्रकाश प्रसाद, विशुनगंज थाने के पुलिस अवर निरीक्षक परशुराम, सिकरिया थाने के दो, पाली थाने के पांच, टेहटा थाने के सहायक निरीक्षक मीरा कुमार राय शामिल हैं।

इनके अलावा अनुसूचित जाति जनजाति थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक हुलास बैठा, घोसी के एक, ओकरी ओपी के चार एवं शकुराबाद थाना के सहायक अवर निरीक्षक रामनाथ पासवान समेत दो पुलिस कर्मी ड्यूटी से गायब पाए गए हैं।

वहीं, पुलिस केंद्र में पदस्थापित महिला सिपाही समेत 12 पुलिसकर्मी भी छठ पूजा के दिन ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए हैं।

महिला पुलिसकर्मियों को नहीं होगी परेशानी, 10 थानों में बैरक निर्माण शुरू

उधर, आरा में महिला पुलिसकर्मियों को थाना में ही रहने के लिए बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में पहल तेज हो गई है। भोजपुर जिले के करीब 10 थानों में महिला बैरक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। राज्य पुलिस बल में महिला पुलिसकर्मियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बैरक निर्माण कराया जा रहा है।

सनद हो कि विगत पांच सितंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर आगमन के दौरान पुलिस भवन निर्माण निगम से जुड़ी करीब 12 योजनाओं का शिलान्यास किया था।

इन योजनाओं पर करीब 15 करोड़ 66 लाख 57 हजार रुपये खर्च होंगे। इसमें दो थाना भवन से लेकर दस थानों में महिला बैरक का निर्माण का कार्य शामिल है।

इस योजना से करीब एक दर्जन थाने लाभांवित होंगे। टाउन, मुफस्सिल, नवादा, कोईलवर, बड़हरा, जगदीशपुर, पीरो, अजीमाबाद, उदवंतनगर एवं शाहपुर समेत दस थानों में 59-59 लाख रुपये की लागत से 20 सीटेड महिला बैरक का निर्माण होगा।

मुफस्सिल व टाउन में जेसीबी की मदद से मलवा हटाने एवं खुदाई का कार्य शुरू हो गया है। महिला बैरक में स्नान घर, शौचालय एवं रसोई घर आदि की व्यवस्था होगी। जो महिला पुलिसकर्मी बच्चे के साथ रहना चाहेंगी, उसके लिए सिंगल एवं डबल बेड की भी व्यवस्था रहेगी।

ड्यूटी एवं बच्चों की देखभाल दोनों एक साथ कर सकेंगी। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के जरिए बैरक का निर्माण कराया जा रहा है। वर्तमान में थानों में महिला बैरक नहीं होने से वहां कार्यरत महिला पुलिसकर्मियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

खवासपुर व बबुरा थाना का भी होगा निर्माण

पांच करोड़ 64 लाख रुपये की लागत से खवासपुर थाना भवन एवं आउट हाउस का निर्माण, पांच करोड़ 11 लाख की लागत से बबुरा थाना भवन एवं आउट हाउस का निर्माण होना है।

राजगीर का ग्राउंड मैच के लिए तैयार

जापान और दक्षिण कोरिया के बीच पहला मुकाबला

पटना. एशियन महिला हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का आगाज आज दोपहर 12ः15 बजे से राजगीर में शुरू होगा। पहले दिन पहला मुकाबला जापान और दक्षिण कोरिया के बीच होगा।

दूसरा मुकाबला चीन बनाम थाईलैंड और तीसरा मुकाबला भारत बनाम मलेशिया का होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कार्यक्रम का उद्घाटन शाम 4ः15 बजे करेंगे। चैंपियनशिप ट्रॉफी में भारत, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना, जापान, रिपब्लिक ऑफ कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीम शामिल हैं। पहला मैच जापान एवं दक्षिण कोरिया के बीच दोपहर 12.15 बजे से होगा। दूसरा मुकाबले में चाइना की टीम दोपहर 2.30 बजे से थाईलैंड से भिड़ेगी। शाम 4.45 बजे सलीमा टेटे की अगुआई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच खेलने उतरेगी।

खिताब के लिए भिड़ेंगी टीमें

2016 एवं 2023 में खिताब अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम मलेशिया के साथ भिड़कर अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारत, चीन, मलेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया एवं थाईलैंड की टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। प्रतियोगिता का सीधा प्रसारण सोनी लाइव एवं सोनी टेन स्पोर्ट्स पर होगा। 172 देशों के खेल प्रेमी मुकाबले देख सकेंगे। 20 नवंबर तक खेली जाने वाली प्रतियोगिता में 13, 15 एवं 18 को कोई मुकाबला नहीं होगा। 18 को देश में राष्ट्रीय खेल की बेहतरी के लिए आयोजित होकी पर चर्चा के दौरान खेल के दिग्गज राजगीर में अपने अनुभव साझा करेंगे।

होर्डिंग और बैनर से पूरा स्टेडियम भरा

11 से 20 नवंबर तक के बीच 10 दिनों तक आयोजित इस टूर्नामेंट की लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए भारत, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, चीन, जापान, और थाईलैंड, की टीम राजगीर पहुंच गई है। सभी टीम हॉकी ग्राउंड में अपने अभ्यास सत्र शुरू कर दिया गया है।

मैच को लेकर प्रशासन द्वारा लगभग सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बाहरी क्षेत्र में बचे कुछ कामों को रातों रात पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। होर्डिंग और बैनर से पूरा स्टेडियम क्षेत्र पट गया है।

होर्डिंग में भारतीय टीम के कप्तान सहित सभी मेजबान टीमों के कप्तानों का फोटो, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का फोटो, हाकी खिलाड़ियों का फोटो, आदि लगाए गए हैं। निकास और प्रवेश द्वार अलग-अलग बनाए गए हैं। स्टेडियम के बाहर वीआइपी पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

स्टेट हाईवे से स्टेडियम तक जाने वाले सड़क को बीच से बैरिकेडिंग किया गया है। सड़क के पश्चिम तरफ से दर्शक एवं पदाधिकारी का प्रवेश दिया गया है। जबकि सड़क के पूर्वी तरफ से हाकी खिलाड़ियों का प्रवेश होगा। खेल परिसर के बाहरी क्षेत्र में अनेकों जगह पेय जल की व्यवस्था की गई है।

पीएचईडी विभाग द्वारा जगह जगह पेयजल हेतु स्टैंड पोस्ट बनाये गये हैं। जिससे गंगा जल की आपूर्ति को पेयजल हेतु किया जाना है।

सुरक्षा का रहेगा पुख्ता प्रबंध

हॉकी मैदान के साथ पूरे खेल परिसर में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुरुष और महिला पुलिस अधिकारी व पदाधिकारियों को तैनात किया गया है। खेल परिसर से बाहर भी बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी को तैनात किया गया है।

4 लोगों पर केस दर्ज

नेपाल की अमेरिकन बेटी और दामाद भारत में क्यों हुए अरेस्ट

नेपाल की अमेरिकन बेटी और दामाद के भारत में अवैध प्रवेश मामले में एसएसबी ने चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें नेपाल की अमेरिकन प्रवासी नागरिक मुन्नी साह, उनके पति मोरे क्रिज एलेन, मौसेरे भाई के पुत्र सोनू गुप्ता तथा चालक हृदय कुमार शामिल हैं। उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मुन्नी समेत सभी छठ पर्व समापन के उपरांत बोलेरो से बैतौन्हा बॉर्डर से वापस अपने मायका दुबही महिनाथपुर जा रहे थे। मुन्नी के मौसेरे भाई के पुत्र सोनू गुप्ता बाइक से पीछे-पीछे बॉर्डर तक छोड़ने आ रहा था। उसे भी गिरफ्तार किया गया है।

एसएसबी के पटना फ्रोटियर के आईजी नैयर हसनैन खां ने बताया कि अवैध एक्जिट मामले में कार्रवाई हुई है। उन्होंने बताया कि 4 नवम्बर को बैतौन्हा बॉर्डर पर इन लोगों की इंट्री मामले की जांच का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि इंट्री के वक्त ही उसे नियमसंगत प्रवेश को निर्देश दिया जा सकता था।

आपको बता दें कि बिहार के मधुबनी जिले में एक महिला समेत दो अमेरिकी नागरिकों को कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल में प्रवेश करने की कोशिश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी थी।

पुलिस के अनुसार, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 48वीं बटालियन के सुरक्षाकर्मियों ने शनिवार दोपहर को जयनगर पुलिस थाना क्षेत्र की बेतोंहा सीमा चौकी के पास दो अमेरिकी नागरिकों को उस समय को रोका जब वे भारत से नेपाल जा रहे थे। जयनगर के पुलिस उपाधीक्षक अंकुर कुमार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया था, "उन्हें एसएसबी जवानों ने उस समय पकड़ा जब वे बिना वैध दस्तावेजों के नेपाल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार किए गए अमेरिकी नागरिक पति-पत्नी हैं। नेपाल में जन्मी महिला ने अमेरिकी नागरिक से शादी करने के बाद अमेरिका की नागरिकता ले ली थी। दोनों से पुलिस, एसएसबी और अन्य संबंधित एजेंसियों के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से पूछताछ की।

जमुई में भीषण सड़क हादसा

तीन बाइक आपस में टकराईं, तीन की मौत-दो की हालत गंभीर

जमुई. बिहार के जमुई में सोमवार तड़के एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है। तेज रफ्तार से आ रही है तीन बाइक की आपस में टक?कर हो गई, जिसमें तीन की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है। अस्?पताल में इलाज चल रहा है। यह भीषण सड़क हादसा खैरा-सोनो मुख्य मार्ग पर नरियाना पुल के पास हुआ।

सड़क हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि तीसरे की मौत इलाज के दौरान हुई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे गश्ती वाहन ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया।

दोनों शव भी सदर अस्?पताल पहुंचाए गए हैं। दोनों मृतक खैरा के नवडीहा गांव का रहने वाले थे। खैरा में जन?मदिन मनाकर नरियाना की ओर जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ।

मृतकों की पहचान पप?पू सिंह पुत्र गोलू सिंह, गंगा सिंह का पुत्र रौनक सिंह और अंशु पांडे के तौर पर हुई है। जबकि घायलों की पहचान खैरा निवासी सुजय पांडेय और शिवम पांडे के तौर पर हुई है।

बिहार उपचुनावः नेताओं की जुबान फिसली

चार सीटों पर चुनाव प्रचार में बढ़ी सियासी गर्मी...

पटना. बिहार में विधानसभा की चार सीटों (तरारी, रामगढ़, बेलागंज, इमामगंज) पर होने वाले उपचुनाव प्रचार के आखिरी दौर पहुंचते ही नेताओं के बोल बिगड़ने लगे हैं। सत्ता पक्ष के साथ ही विपक्षी नेताओं की जुबान फिसलने लगी है।

दरअसल, राजद के बक्सर से सांसद सुधाकर सिंह की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के चुनावी जनसभा में जुबान फिसल गई। सुधाकर ने गड़बड़ी करने वाले विरोधियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि पिछली बार की तरह इसबार विरोधियों ने कोई गुंडई की तो छोड़ेंगे नहीं। तीन सौ बूथों पर हमारे लोग तैयार रहेंगे और गुंडई करने वालों को लाठी से पिटवाएंगे।

श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने क्या दिया जवाब

सांसद के बोल पर भाजपा नेताओं में जवाब देने की होड़ मच गई। विपक्षी दल के सांसद की चेतावनी को आड़े हाथों लेते हुए राज्य सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने दो कदम आगे बढ़कर चुनौती दे दी।

दोनों नेता स्थानीय होने के साथ एक ही समुदाय के जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में समर्थकों के बीच सांसद और मंत्री के वार-पलटवार के बाद कड़वाहट बढ़ गई है।

ललन सिंह ने भी दिया था ये बयान

उधर, इससे पहले बेलागंज विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री ललन सिंह ने बिना नाम लिए जहानाबाद सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव को दानव बताया था। कहा था कि बहुत दिनों तक आपलोगों ने बेलागंज में गुलामी सही है। अब दानव से बेलागंज को मुक्त कराना है। बेलागंज के बाबा कोटेश्वर स्थान में माथा टेककर इस दानव से मुक्ति दिलाएंगे।

उन्होंने कहा था कि बेलागंज को दानव से मुक्त कराने की जरूरत है। नीतीश कुमार के राज्य में किसी को डरने की जरूरत नहीं है। सीना ठोकर कहिए कि तुमको वोट नहीं देंगे, जो बिगाड़ना है बिगाड़ लो।

वहीं, जेडीयू प्रवक्ता व पूर्व मंत्री नीरज कुमार ने कहा कि बेलागंज की जनता पहले बाप का झोला ढोया है। अब बेटा का भी झोला ढोएगा क्या? इस बार ऐसा तीर चलाइए कि लालटेन चकनाचूर हो जाए। तभी लंपट राजनीत खत्म होगी।

उपचुनाव में सभी चार सीटों पर एनडीए जीत की ओर अग्रसर ः राजीव रंजन उधर, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने रविवार को यह दावा किया कि बिहार में जिन चार विधानसभा सीटों पर उप चुनाव हो रहा उनमें सभी पर एनडीए, जीत की ओर अग्रसर है। एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक विजय मिलेगी।

जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि राजद सहित आईएनडीआईए के घटक दलों के झूठे वायदे को नकार कर लोग विकास, स्थायित्व, निरंतरता और सामाजिक सौहार्द को केंद्र में रखने के साथ-साथ नीतीश सरकार की अनगिनत उपलब्धियों के आधार पर वोट करने जा रहे। नीतीश कुमार के नेतृत्व में सड़कों, पुल, फ्लाईओवर के साथ-साथ राज्य में अन्य आधारभूत संरचनाओं का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वहीं हर घर बिजली, पीने का पानी एवं शौचालय जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को भी सरकार ने पूरा किया है।

नौकरियों व रोजगार देने के सवाल पर नीतीश कुमार की सरकार ने अपने वायदे को अमलीजामा पहनाया। न्याय के साथ विकास का बिहार मॉडल सर्वश्रेष्ठ है।